राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–269/2023

राज्यपाल ने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के छठे सीनेट की बैठक की अध्यक्षता की

पटना, 12 अक्टूबर, 2023 :– माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के सीनेट की छठी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के क्रियान्वयन से देश आगे बढ़ेगा। इस नीति को काफी विचार–विमर्श के बाद तैयार किया गया है तथा यह हमारे देश और समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप है। यह नीति युवाओं को अपने समाज से जोड़े रखकर उन्हें स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाती है।

राज्यपाल ने कहा कि अब समय बदल रहा है। बिहार के बच्चों का भविष्य हमारे हाथों में है और परिवर्तन के इस दौर में हमें पीछे नहीं रहना है। उन्होंने कहा कि पहले पूरी दुनिया के लोग हमारे यहाँ अध्ययन के लिए आते थे, परन्तु आज हमारे बच्चे पढ़ाई के लिए बाहर जा रहे हैं, यह विचारणीय है। नई शिक्षा नीति आने पर ऐसा नही होगा। हमें अपनी शैक्षणिक व्यवस्था को अत्यन्त उच्च स्तर का बनाना है ताकि बाहर के लोग यहाँ अध्ययन के लिए आ सकें। स्व वित्तपोषित शिक्षा के संबंध में सीनेट के कुछ सदस्यों के जिज्ञासा के समाधान के क्रम में राज्यपाल ने कहा कि कोचिंग संस्थान हमारी शिक्षा व्यवस्था के अंग नहीं हो सकते।

राज्यपाल–सह–कुलाधिपति की अध्यक्षता में जे०डी० वीमेन्स कॉलेज, पटना के सभागार में आयोजित इस बैठक में लखनऊ विश्वविद्यालय में भौतिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो० एन०के० पाण्डेय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया तथा सदस्यों के प्रश्नों का यथोचित उत्तर भी दिया। बैठक में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० आर०के० सिंह, प्रतिकुलपति प्रो० गणेश महतो, कुलसचिव प्रो० शालिनी, सीनेट के सदस्यगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....